◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION
UNDER PROCESS
Application No.
T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN
24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

BIHAR | नीड 24 न्यूज़ · हर खबर, हर शहर | 04 नवम्बर 2026

राजनीति

सारण संसद का बड़ा बयान भाजपा में नहीं है राजपूतो का महत्व



परा सारण के सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी जी का बड़ा बयान है सुनिये आपलोग वीडियो के माध्यम से पूरी खबर विस्तार से

— Anand Kumar, पटना

अपराध

नगर निगम से बड़ी खबर



नगर निगम से बड़ी खेला होरहा था तोउजागर करने पहुँची थी तब तक मौके पर पहुंचि पुलिस बल और आपस भिड़ंत हुईं लड़की को मारने तक की भी दी गई धमकी वीडियो में दिख रही युवती का पूरी खबर विस्तार से वीडियो पे बने रहे आपलोग

— Anand Kumar, पटना

अपराध

अपराध नहीं क्राइम हो सकता है



हमारे बिहार के मुख्यमंत्री श्री सम्राट् चौधरी जी का हमारे यहां कोई अपराध नहीं होता क्राइम हो सकता है लेकिन आपराध नहीं हमारे मुख्यमंत्री जी का कहना है जानिये पूरी खबर वीडियो के माध्यम से

— Anand Kumar, पटना

चिराग पासवान का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया, युवा नेता हिमांशु गुप्ता ने केक काटकर दी बधाई



नमस्कार!

पटना से एक खास खबर सामने आ रही है, जहां लोजपा के युवा नेता हिमांशु गुप्ता जी ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जी का जन्मदिन केक काटकर मनाया और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

बताया जा रहा है कि हिमांशु गुप्ता पिछले 8 वर्षों से लोक जनशक्ति पार्टी के साथ जुड़े हुए हैं और खुद को पार्टी का समर्पित सिपाही बताते हैं।

इस मौके पर उन्होंने चिराग पासवान के प्रति अपनी निष्ठा और पार्टी के प्रति लंबे समय से जुड़े रहने की बात कही।

Need24 News | रिपोर्टर Md Parwez

— Md Parwez

चिराग पासवान का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया, युवा नेता हिमांशु गुप्ता ने केक काटकर दी बधाई



नमस्कार!

आप देख रहे हैं Need24 News।

पटना से एक खास खबर सामने आ रही है, जहां लोजपा के युवा नेता हिमांशु गुप्ता जी ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जी का जन्मदिन केक काटकर मनाया और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

बताया जा रहा है कि हिमांशु गुप्ता पिछले 8 वर्षों से लोक जनशक्ति पार्टी के साथ जुड़े हुए हैं और खुद को पार्टी का समर्पित सिपाही बताते हैं।

इस मौके पर उन्होंने चिराग पासवान के प्रति अपनी निष्ठा और पार्टी के प्रति लंबे समय से जुड़े रहने की बात कही।

Need24 News | रिपोर्टर Md Parwez

— Md Parwez

स्थानीय

बिहार कृषि विभाग ने खाद की कालाबाजारी पर सख्ती: यूरिया और डीएपी की सरकारी दरें और शिकायत हेल्पलाइन जारी



बिहार कृषि विभाग ने आज किसानों को सूचित किया कि खाद की कालाबाजारी पर सख्ती के तहत यूरिया (45 किलो) की निर्धारित कीमत 266.50 रुपये तथा डीएपी (50 किलो) की कीमत 1,350 रुपये प्रति बोरी तय की गई है। यह जानकारी मई 2025 की प्रकाशित सूचना पर आधारित है।

किसानों से आग्रह किया गया है कि खाद खरीदते समय बिक्री रसीद अवश्य लें और बोरी पर अंकित एमआरपी तथा वजन की जाँच करें।

शिकायत निवारण के लिए विभाग ने हेल्पलाइन 0612-2233555 तथा व्हाट्सऐप 7766085888 नंबर जारी किये हैं। शिकायत का समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक है।

किसानों को खाद की कालाबाजारी, अवैध भंडारण और निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। विभाग से नियमित निगरानी और किसानों को सरकारी योजनाओं की सही जानकारी उपलब्ध कराने का आह्वान किया गया है।

— शैलेष गुप्ता महाजन, पटना

स्थानीय

अररिया में जल-जीवन-हरियाली अभियान पर जन जागरूकता से सतत विकास की ओर चर्चा



जल-जीवन-हरियाली जागरूकता अभियान के तहत डीआरडीए सभागार, अररिया में ‘जल-जीवन-हरियाली : जन जागरूकता से सतत विकास की ओर सामूहिक पहल’ विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, हरियाली के विस्तार एवं सतत विकास के प्रति आमजनों को जागरूक करना तथा इन प्रयासों में जनभागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

परिचर्चा का शुभारंभ जिला पंचायत राज पदाधिकारी अररिया श्री मनीष कुमार, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, निदेशक एनईपी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी एवं जिला कल्याण पदाधिकारी सहित उपस्थित पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर श्री मनीष कुमार ने कहा कि जल-जीवन-हरियाली अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा सामूहिक दायित्व है।

वक्ताओं ने जल संरक्षण के विभिन्न उपायों, वर्षा जल संचयन, पौधारोपण, जलस्रोतों के संरक्षण तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने आमजनों से अपने दैनिक जीवन में जल संरक्षण एवं पर्यावरण अनुकूल व्यवहार अपनाने तथा अभियान को जन आंदोलन का रूप देने की अपील की।

मौके पर रेंजर ऑफिसर वन प्रमंडल अररिया, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी अररिया, अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी अररिया, एनडीआईओ, सामाजिक विकास प्रबंधक जीविका, सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि, मिशन प्रबंधक सहित संबंधित पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

— Kanhaiya Kumar Jha

स्थानीय

अररिया में जल-जीवन-हरियाली अभियान पर जन जागरूकता से सतत विकास की ओर चर्चा



जल-जीवन-हरियाली जागरूकता अभियान के तहत डीआरडीए सभागार, अररिया में ‘जल-जीवन-हरियाली : जन जागरूकता से सतत विकास की ओर सामूहिक पहल’ विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, हरियाली के विस्तार एवं सतत विकास के प्रति आमजनों को जागरूक करना तथा इन प्रयासों में जनभागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

परिचर्चा का शुभारंभ जिला पंचायत राज पदाधिकारी अररिया श्री मनीष कुमार, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, निदेशक एनईपी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी एवं जिला कल्याण पदाधिकारी सहित उपस्थित पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर श्री मनीष कुमार ने कहा कि जल-जीवन-हरियाली अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा सामूहिक दायित्व है।

वक्ताओं ने जल संरक्षण के विभिन्न उपायों, वर्षा जल संचयन, पौधारोपण, जलस्रोतों के संरक्षण तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने आमजनों से अपने दैनिक जीवन में जल संरक्षण एवं पर्यावरण अनुकूल व्यवहार अपनाने तथा अभियान को जन आंदोलन का रूप देने की अपील की।

मौके पर रेंजर ऑफिसर वन प्रमंडल अररिया, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी अररिया, अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी अररिया, एनडीआईओ, सामाजिक विकास प्रबंधक जीविका, सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि, मिशन प्रबंधक सहित संबंधित पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

— Kanhaiya Kumar Jha


वर्षा जल संचयन, पौधारोपण, जलस्रोतों के संरक्षण तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने आमजनों से अपने दैनिक जीवन में जल संरक्षण एवं पर्यावरण अनुकूल व्यवहार अपनाने तथा अभियान को जन आंदोलन का रूप देने की अपील की।

मौके पर रेंजर ऑफिसर वन प्रमंडल अररिया, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी अररिया, अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी अररिया, एनडीआईओ, सामाजिक विकास प्रबंधक जीविका, सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि, मिशन प्रबंधक सहित संबंधित पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

— Kanhaiya Kumar Jha

स्थानीय

बिहार सरकार ने परिमार्जन प्लस पोर्टल के लिये समय-सीमा निर्धारित की



बिहार सरकार ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के नए दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत 'परिमार्जन प्लस' पोर्टल के माध्यम से भूमि-संबंधी सेवाओं के निष्पादन के लिये स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित की। यह पहल आम रैयतों को तेज़ और सुलभ डिजिटल सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से ली गई है।

निर्देशों के अनुसार, नाम, पिता का नाम या जाति आदि की लिपिकीय त्रुटियों का सुधार केवल पंद्रह कार्य दिवसों में किया जाएगा। डिजिटाइज्ड जमाबंदी में खाता, खेसरा, रकबा या लगान जैसी अन्य त्रुटियों का सुधार अधिकतम पैंतीस कार्य दिवसों में पूर्ण होगा।

छूटी हुई पुरानी जमाबंदी को ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करने तथा उन मामलों में जहाँ भू-मापी आवश्यक है, दोनों के लिये अधिकतम पचहत्तर कार्य दिवसों की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

विभाग ने कहा कि इन समय-सीमाओं का कड़ाई से पालन कर पारदर्शी और समय पर राजस्व सेवा प्रदान की जाएगी। इच्छुक नागरिक आधिकारिक पोर्टल https://biharbhumi.bihar.gov.in पर जाकर अपनी आवेदन प्रक्रिया को ट्रैक कर सकते हैं।

— Kanhaiya Kumar Jha

स्थानीय

बालूमाथ के ग्राम बालू में सतचंडी मेला को लेकर ग्रामीणों की बैठक, 20-21 नवंबर को होगा आयोजन



बालूमाथ प्रखंड के ग्राम बालू में रविवार को ग्रामीणों द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सतचंडी पूजा सह जतरा मेला धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य मेले को सुचारु रूप से संचालित करने की तैयारियां करने का था।

समिति का गठन किया गया। समिति में रंगलाल उरांव को अध्यक्ष, बाबूलाल भगत और धनलाल उरांव को उपाध्यक्ष, कर्मदेव भगत को सचिव, माधो सिंह को उप सचिव, सूबेदार उरांव को कोषाध्यक्ष और मुकेश भगत को उप कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा केदार सिंह, मनराज पाहन, महेंद्र गंझू, लालजी उरांव, कुलेश्वर सिंह, लालदेव गंझू, राकेश सिंह, सुका भगत, रामकुमार उरांव, बलराम साहू, सूरज साहू, मंगलदेव उरांव, मोहनदयाल साहू, इन्द्रदेव भगत, देवनन्दन यादव और भुनेश्वर उरांव को संरक्षक के पद पर नियुक्त किया गया। समिति के सदस्यों में चांदो देवी, पुष्पा देवी, रवींद्र उरांव, श्याम देव उरांव और सुनील उरांव को चुना गया।

मौके पर जानकारी देते हुए पूजा समिति के अध्यक्ष रंगलाल उरांव ने बताया कि हर वर्ष की भांति ग्राम बालू में सतचंडी पूजा सह दो दिन का जतरा मेला का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों की भीड़ उमड़ती है। उन्होंने बताया कि 20 नवंबर को सतचंडी पूजा व जतरा और 21 नवंबर को गुदड़ी जतरा के साथ-साथ नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

— Buddhi Prakash Mali

स्थानीय

मधुबनी में ASI पर सर्विस पिस्टल से फायरिंग का आरोप, 50 वर्षीय अशोक यादव की मृत्यु, तीन घायल



मधुबनी के बाबूबरही थाना क्षेत्र के बलिराजगढ़ गांव में सोमवार देर रात लगभग एक बजे एक विवादास्पद घटना सामने आई। ASI चन्द्र मोहन, जो उस समय पिकेट पर थे, को गांव के एक घर में लगातार आने-जाने के कारण ग्रामीणों द्वारा कथित संबंधों के लिए आरोपित किया गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि ASI को घर के अंदर घेर लिया गया और उन्होंने अपनी सर्विस पिस्टल से बाहर मौजूद ग्रामीणों पर कई राउंड फायरिंग कर दी।

फायरिंग में चार ग्रामीण घायल हो गए, जिनमें 50 वर्षीय अशोक यादव गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई, जबकि अन्य तीन घायलों का उपचार जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। SSP योगेंद्र कुमार ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया। ASI चन्द्र मोहन घटना के बाद से फरार है और पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। वर्तमान में पूरी जांच जारी है।

— Ramlakhan Kumar

कृषि

लातेहार में 48 घंटे की लगातार बारिश से धान की फसल बर्बाद, किसानों ने मांगा मुआवजा



बिहार के लातेहार जिले में पिछले 48 घंटों से जारी मूसलाधार बारिश से किसानों की धान की फसल बर्बाद हो गई है। बालूमाथ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली बालू पंचायत में देवनंदन यादव समेत कई किसानों की मेहनत बर्बाद हो गई। बारिश के कारण फसलें पानी में डूबने से अंकुरित हो गई हैं, जिससे अब ये फसल उपयोगी नहीं रही।

बुवाई से लेकर रोपाई तक की पूरी प्रक्रिया में खूब मेहनत की गई थी। हालांकि, जब कटाई का समय आया, तो लगातार बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी। इससे न केवल उनकी फसल बर्बाद हुई, बल्कि आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा है।

इसी तरह, क्षेत्र के अन्य किसानों की फसलें भी इस बारिश से प्रभावित हुई हैं, जिससे किसानों को गहरा आघात पहुंचा है। फसल के नुकसान को देखकर किसान बेहाल हैं। उन्होंने सरकार से गुहार लगाते हुए कहा कि जो भी नुकसान हुआ है, उसके मुआवजे का प्रबंधन यथाशीघ्र किया जाए ताकि किसानों की आर्थिक भरपाई हो सके।

— Buddhi Prakash Mali

अपराध

कटिहार में डी सी ओ रूबी कुमारी के ठिकाने पर 8घंटे चली छापेमारी



कटिहार सी अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

कटिहार में डीपीओ रूबी कुमारी के ठिकानों पर 8 घंटे छापेमारी, 2.80 लाख कैश और 229 ग्राम सोना बरामद

कटिहार में आर्थिक अपराध अनुसंधान इकाई की टीम ने किशनगंज की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रूबी कुमारी के दो ठिकानों पर छापेमारी पूरी कर ली है। सहायक थाना क्षेत्र के अफसर कॉलोनी स्थित दोनों ठिकानों पर मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे शुरू हुई कार्रवाई दोपहर 4:10 बजे तक चली। करीब 8 घंटे की तलाशी में नगदी, सोना और जमीन से जुड़े कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। आर्थिक अपराध इकाई के डीएसपी मिथिलेश कुमार जायसवाल ने बताया कि रूबी कुमारी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज है। उनके खिलाफ आय से 82 प्रतिशत से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। सर्च वारंट मिलने के बाद उनके आवास, कार्यालय और किशनगंज के अन्य ठिकानों पर भी तलाशी ली गई। डीएसपी ने बताया कि छापेमारी के दौरान 2 लाख 80 हजार रुपये नकद, 229 ग्राम सोना, बैंक पासबुक और जमीन से जुड़े दस्तावेज बरामद किए गए हैं। जमीन के कागजातों की समीक्षा मुख्यालय स्तर पर की जा रही है। जांच के बाद विस्तृत प्रेस विज्ञप्ति जारी की जाएगी। रूबी कुमारी पहले कटिहार में भी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पद पर तैनात रह चुकी हैं। इससे पहले वह पूर्णिया में सर्व शिक्षा अभियान से जुड़ी थीं और शिक्षिका के रूप में भी काम कर चुकी हैं। छापेमारी में कुल आठ सदस्यीय टीम शामिल थी। इसमें आर्थिक अपराध अनुसंधान इकाई के अधिकारियों के साथ पुलिसकर्मी और दंडाधिकारी भी मौजूद रहे। डीएसपी ने बताया कि छापेमारी की कार्रवाई पूरी हो चुकी है। बरामद दस्तावेजों और संपत्ति की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बाइट :- मिथलेश जयसवाल DSP

— Awanish Kumar

धर्म

समस्तीपुर के ध्रुबगामा गांव में सती महारानी की समाधि पूजा का आयोजन



समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर प्रखंड के ध्रुबगामा गांव में सती महारानी की समाधि की पूजा बड़े धूमधाम से आयोजित की गई। इस अनुष्ठान में स्थानीय निवासियों ने पारम्परिक रीति-रिवाजों के अनुसार श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्थल पर दीपक जलाकर और मंत्रोच्चार करके श्रद्धा व्यक्त की गई। उपस्थित लोगों ने इस प्रथा को अपने सांस्कृतिक विरासत के रूप में महत्व दिया।

स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की और कार्यक्रम को सुगम बनाने में सहयोग दिया। यह आयोजन गांव की सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ परम्परागत धार्मिक भावनाओं को सुदृढ़ करता है।

— Pappu Kumar

सरकारी योजना

फरक्का जलसंधि जदयू का नीतीश संवाद



भागलपुर से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

फरक्का जलसंधि पर JDU का नीतीश संवाद, संजय झा बोले बिहार के हितों की बलि देकर हुआ समझौता

फरक्का बराज तोड़ना है तो तोड़ दीजिए, लेकिन इसका नवीनीकरण नहीं होना चाहिए संजय झा

बिहार में फरक्का जलसंधि के मुद्दे को लेकर सियासत तेज हो गई है। जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के नेतृत्व में राज्य के विभिन्न जिलों में नीतीश संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गंगा किनारे बसे बिहार के 12 जिलों में हो रहे इस संवाद के जरिए फरक्का जलसंधि से होने वाले नुकसान और बिहार के हितों पर चर्चा की जा रही है।

इसी कड़ी में आज भागलपुर के टाउन हॉल में नीतीश संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के साथ प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल भी शामिल हुए। कार्यक्रम में भागलपुर जेडीयू की ओर से अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संजय झा ने फरक्का जलसंधि के बिहार पर पड़ने वाले प्रभावों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि फरक्का बराज के कारण गंगा नदी में बड़े पैमाने पर गाद जमा हो रही है, जिससे नदी का तल ऊंचा हो गया है। नदी के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा उत्पन्न होने के कारण बिहार के कई इलाकों में मानसून के दौरान भीषण बाढ़ की समस्या बढ़ रही है।

संजय झा ने आरोप लगाया कि फरक्का जलसंधि के दौरान तत्कालीन केंद्र सरकार और बिहार के नेतृत्व ने राज्य के हितों की अनदेखी की। उन्होंने कहा कि इस समझौते के कारण आज बिहार को गंगा और उसकी सहायक नदियों का पानी फरक्का बराज पर देना पड़ रहा है, जिसका खामियाजा राज्य की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

फरक्का जलसंधि को लेकर संजय झा ने स्पष्ट कहा कि यह समझौता बिहार के हित में नहीं है और इसका नवीनीकरण नहीं होना चाहिए। उन्होंने मांग की कि यदि भविष्य में कोई नया समझौता होता है, तो उसमें बिहार की वर्ष 2050 तक की जल आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाए।

संजय झा ने फरक्का बराज को लेकर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर इसे तोड़ना है तो तोड़ दीजिए, लेकिन इसका नवीनीकरण नहीं किया जाना चाहिए। जेडीयू का कहना है कि फरक्का जलसंधि के मुद्दे पर बिहार के हितों की रक्षा के लिए व्यापक संवाद और ठोस निर्णय जरूरी है।

बाइट संजय झा, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, JDU

— Awanish Kumar

नवादा में एम्बुलेंस पर विशेष जांच अभियान, तीन वाहनों पर ₹29,800 जुर्माना



पहले, नवादा के जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश पर, मंगलवार की संध्या को जिले के सभी प्रखंडों में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एक साथ विशेष एम्बुलेंस जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य एम्बुलेंस के अवैध परिचालन और परिवहन नियमों के उल्लंघन को रोकना था।

अभियान के दौरान, जिला परिवहन पदाधिकारी रंजीत कुमार ने अपनी टीम के साथ सदर अस्पताल, नवादा में एम्बुलेंस की जांच की। अवैध पार्किंग, अनियमित परिचालन और अन्य परिवहन नियमों के उल्लंघन के मामलों की पड़ताल की गई, जिसके परिणामस्वरूप तीन एम्बुलेंस पर कुल ₹29,800 की शमन राशि वसूल की गई।


दूसरी टीमों ने सहायक जिला परिवहन पदाधिकारी (एडीटीओ), मोटरयान निरीक्षक (एमवीआई) एवं प्रवर्तन अवर निरीक्षक (ईएसआई) के नेतृत्व में अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर भी एक साथ जांच अभियान चलाया। नियमों का उल्लंघन करने वाले एम्बुलेंस संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई।

जिला परिवहन पदाधिकारी रंजीत कुमार ने बताया कि यह अभियान आम नागरिकों, विशेषकर मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधा सुनिश्चित करने के साथ-साथ एम्बुलेंस परिचालन में पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से चलाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले एम्बुलेंस संचालकों एवं चालकों के विरुद्ध आगे भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

— Ramlakhan Kumar

अपराध

मधुबनी में बेकाबू हुआ लोगो का गुस्सा डी एम के साथ बदसलूकी



मधुबनी से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

मधुबनी में बेकाबू हुआ का गुस्सा, निर्दोष डीएम आनंद शर्मा का महिलाओं ने पकड़ा कॉलर ,की बदसलकी संभावना

मधुबनी के बाबूबरही में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई, जब आक्रोशित लोगों को समझाने-बुझाने के लिए डीएम आनंद शर्मा और एसएसपी योगेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। खोजपुर में घटना के विरोध में लोगों ने सड़क जाम कर रखा था। इसी दौरान आक्रोशित महिलाओं ने डीएम आनंद शर्मा के साथ बदसलूकी की और उनका कॉलर पकड़ लिया। मौके पर कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया। तस्वीरों में डीएम के साथ महिलाओं की तीखी नोकझोंक देखी जा सकती है।सुरक्षाकर्मियों ने किसी तरीके से बीच बचाव किया ।गौरतलब है कि बीती देर रात बाबू बरही में पुलिस पिकेट पर तैनात एएसआई चंद्रमोहन सिंह ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी। इस घटना में चार लोगों को गोली लगी, जिनमें एक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हैं। घटना के बाद से ही इलाके में भारी आक्रोश है और लोग आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

— Awanish Kumar

गोविंदपुर में एक ही रात दो दुकानों में चोरी, नकदी लेकर फरार हुए चोर



सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने नवादा जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र में स्थित गोविंदपुर चौक और बड़तल्ला मोड़ की दो अलग-अलग दुकानों को निशाना बनाकर चोरी की। चोरों ने दुकानों के पिछले हिस्से को तोड़कर अंदर प्रवेश किया और गल्ले में रखे नकद रुपये लेकर फरार हो गए।

गोविंदपुर चौक स्थित पहली दुकान में चोरों ने पीछे की दीवार को तोड़कर प्रवेश किया और नकदी लेकर भागे। बड़तल्ला मोड़ पर स्थित गेट-ग्रिल दुकान के संचालक पवन विश्वकर्मा ने बताया कि चोरों ने दुकान के पीछे लगी लोहे की खिड़की को तोड़कर अंदर घुसे और गल्ले में रखे कुछ नकद रुपये चोरी कर लिए।

मंगलवार की सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानें खोलने पहुंचे तो चोरी का पता चला, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। दोनो दुकानों में एक ही रात में हुई यह चोरी स्थानीय व्यापारियों में भय और नाराजगी का माहौल पैदा कर गई है।

दुकानदारों ने पुलिस से रात्रि गश्ती बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

— Ramlakhan Kumar

अपराध

गयाजीमें शंकर मांझी हत्याकांड का खुलासा तीन आरोपी गिरफ्तार



गयाजी से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

गयाजी में शंकर मांझी हत्याकांड का खुलासा, दो लाख की सुपारी देकर कराई गई थी हत्या; तीन आरोपी गिरफ्तार

गया। गया जिले के डेल्हा थाना क्षेत्र में विकास मित्र शंकर मांझी हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

गया के एसएसपी सुशील कुमार ने बताया कि शंकर मांझी की हत्या पुराने विवाद को लेकर दो लाख रुपये की सुपारी देकर कराई गई थी। हत्या की साजिश बंटी उर्फ राइडर ने रची थी। दरअसल, बंटी के भाई की हत्या के मामले में शंकर मांझी को अभियुक्त बनाया गया था। हालांकि, पुलिस की जांच में शंकर मांझी की इस हत्याकांड में कोई संलिप्तता सामने नहीं आई थी। इसी रंजिश में उनकी हत्या की साजिश रची गई।

मामले के उद्भेदन के लिए सिटी एसपी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई थी। तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र स्थित महमदपुर गांव में छापेमारी की। यहां से बंटी उर्फ राइडर और डाम उर्फ ओमकार को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद दोनों की निशानदेही पर तीसरे आरोपी शक्ति कुमार को भी पुलिस ने दबोच लिया।

एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है।

बाइट एसपी सुशील कुमार गयाजी

नौकरी

अरवल जिला 214 के माननीय विधायक मनोज शर्मा जी ने अरवल जिले के विकास में आ रही बधाओ से संबंधित चर्चा अरवल जिला पदाधिकारी अमृता बैंस से मिलकर कि।



जिले में सुशासन एवं सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों तथा शुगर मिल के अधिष्ठापन में आ रही बाधाओं के समाधान को लेकर आज जिले के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की।

इस दौरान शुगर मिल के अधिष्ठापन से संबंधित लंबित पहलुओं पर विशेष चर्चा एवं आवश्यक प्रक्रियाओं में आ रही समस्याओं के समाधान के साथ-साथ जिले के विकास से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श करतें हुए 214 अरवल के लोकप्रिय विधायक श्री मनोज शर्मा जी

— Kumar Raushan, पटना

स्थानीय

नगर निगम कटिहार के तीन वार्डों में आयोजित हुआ सहयोग शिविर, जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ



कटिहार, 03 नवंबर.2026।

नगर निगम कटिहार द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को नगर निगम क्षेत्र के तीन अलग-अलग स्थलों पर सहयोग शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का आयोजन वार्ड संख्या 04 स्थित ठाकुरबाड़ी प्रांगण, वार्ड संख्या 19 में इमामबाड़ा के निकट तथा वार्ड संख्या 35 स्थित काली मंदिर परिसर में किया गया। वार्ड संख्या 35 में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वार्ड संख्या 35 के पार्षद सह सशक्त स्थाई समिति सदस्य श्री प्रमोद महतो, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वर्तमान सदर विधायक श्री तारकिशोर प्रसाद, उप महापौर श्री मंजूर खान तथा नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार उपस्थित रहे।

वहीं, वार्ड संख्या 04 में वार्ड पार्षद श्री साबिर तथा वार्ड संख्या 19 में वार्ड पार्षद सह सशक्त स्थाई समिति सदस्य श्री सलीम अंसारी ने भी दीप प्रज्वलित कर सहयोग शिविर का विधिवत शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में सहायक अभियंता श्री विवेक कुमार, कनीय अभियंता श्री अजय सिंह, स्वच्छता पदाधिकारी श्री राहुल कुमार, APSWMO श्री नूर अली खान, स्वच्छता प्रभारी श्री कैलाश नारायण चौधरी सहित नगर निगम के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सहयोग शिविर के माध्यम से नागरिकों को नगर निगम से संबंधित विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ उनकी समस्याओं एवं आवेदनों के निष्पादन की दिशा में पहल की गई।

से नागरिकों को स्थानीय स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध कराना, उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना तथा नगर निगम एवं आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है।

— Raju Choudhary

स्थानीय

ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक के तहत वार्ड 35 के पोखर पर चला विशेष स्वच्छता अभियान, जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश



कटिहार, 03 नवंबर 2026 ।

ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक (01 नवंबर से 07 नवंबर 2026) के तहत नगर निगम कटिहार द्वारा मंगलवार को नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 35 स्थित काली मंदिर परिसर के पोखर पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य जलस्रोतों को स्वच्छ एवं संरक्षित रखने के साथ-साथ आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा स्वच्छ एवं सतत जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

इस विशेष स्वच्छता अभियान में वार्ड संख्या 35 के पार्षद श्री प्रमोद महतो, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वर्तमान सदर विधायक श्री तारकेश्वर प्रसाद तथा उप महापौर श्री मंजूर खान ने सहभागिता की। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पोखर परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की गई तथा स्वच्छता के महत्व का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। तालाब, पोखर एवं अन्य जलस्रोत हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के महत्वपूर्ण अंग हैं। इनका संरक्षण एवं स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

नगर निगम कटिहार द्वारा ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का आयोजन कर नागरिकों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जलस्रोतों की साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

नगर निगम ने आम नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास के जलस्रोतों एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा कचरा पोखर एवं तालाबों में न डालें। सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल कटिहार का निर्माण संभव है।

— Raju Choudhary

अपराध

सुगौली में लगभग दो किलो चरस की साथ तीन लोग हुए गिरफ्तार



मोतिहारी से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

तस्कर गिरफ्तार, STF और पुलिस की बड़ी कार्रवाई बंगरा ओवरब्रिज के पास पकड़े गए तस्कर, मुख्य सरगना तक पहुंची पुलिस मोतिहारी के सुगौली में एसटीएफ नारकोटिक्स सेल और स्थानीय थाना की पुलिस ने थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह और अंचल पुलिस निरीक्षक मुन्ना कुमार के नेतृत्व में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। संयुक्त टीम ने 1 किलो 970 ग्राम चरस जैसे मादक पदार्थ के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 40 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। पुलिस ने दो मोबाइल और तीन नेपाली सिम भी बरामद किए हैं।

सोमवार की रात एसटीएफ नारकोटिक्स सेल को सूचना मिली थी कि रक्सौल से ट्रेन के रास्ते एक व्यक्ति सुगौली पहुंचने वाला है, जिसके पास मादक पदार्थ है। सूचना पर एसपी के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने बंगरा ओवरब्रिज के नीचे वाहन जांच के दौरान एक संदिग्ध को पकड़ा। तलाशी में उसके झोले से चार पैकेट में 1.970 किलो चरस जैसा पदार्थ बरामद हुआ। पूछताछ और उसकी निशानदेही पर पुलिस ने दो अन्य आरोपितों को भी अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया।

एसडीपीओ सदर-1 दिलीप कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ में चरस सप्लाई करने वाले सिंडिकेट के मुख्य सरगना के संबंध में अहम जानकारी मिली है। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान:गुड्डू साह, हरपुर पूर्वी चंपारण,रामबालक बैठा सिकटा पश्चिम चंपारण,

डोरा राय घोड़ासहन पूर्वी चंपारण है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। इस कार्रवाई को नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है।

बाईट एसडीपीओ सदर 1 दिलीप कुमार

— Awanish Kumar

अपराध

बलीराजगढ़ में महिलाओं का आक्रोश, डीएम का कॉलर पकड़ने का दावा! ASI फायरिंग मामले में स्थिति तनावपूर्ण।



नमस्कार! आप देख रहे हैं Need24 News।

मधुबनी जिले के बाबूबरही थाना क्षेत्र के बलीराजगढ़ में ASI फायरिंग मामले को लेकर तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है।

घटना के बाद आक्रोशित महिलाओं ने प्रशासन के सामने अपना विरोध जताया। इसी दौरान महिलाओं द्वारा जिलाधिकारी का कॉलर पकड़ने की घटना भी सामने आई है।

मामले को लेकर मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोग न्याय और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

घटनास्थल पर प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी के बीच माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में आगे क्या कार्रवाई करता है।

नीड24 न्यूज़ | मधुबनी

— Md Parwez

मोतिहारी जिला में कार्यरत आवास सहायक एवं डी आर डी ए के आठ महीने से मानदेय भुगतान नहीं हुआ है



मोतिहारी से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

मोतिहारीं जिले में कार्यरत आवास सहायक एवं डीआरडीए कर्मियों का पिछले आठ महीने से मानदेय बकाया है। लंबे समय से वेतन

भुगतान नहीं होने से नाराज कर्मियों ने अब आंदोलन का रास्ता अख्तियार करने का निर्णय लिया है। अपनी मांगों को लेकर सैकड़ों की संख्या में कर्मी डीआरडीए कार्यालय के समक्ष एकत्रित हुए और विरोध जताते हुए उप विकास आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर लंबित मानदेय के शीघ्र भुगतान की मांग की।

आवास सहायक संघ के जिलाध्यक्ष प्रकाश कुमार तिवारी ने बताया कि डीआरडीए कर्मियों का आठ महीने, से एवं आवास कार्यपालक सहायकों का छह महीने से तथा ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक, लेखापाल और ग्रामीण आवास सहायकों का पांच महीने से मानदेय लंबित है। उन्होंने कहा कि कर्मी सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन महीनों से मानदेय नहीं मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। और अब सामने दिवापली एवं छठ जैसा महत्वपूर त्यौहार है । ऐसी परिस्थिति में अगर तत्काल वेतन नहीं मिला तो सभी लोग अपने कार्य का बहिसकर करते हुए भूख हड़ताल करने को विवश हो जायेंगे

बाइट प्रकाश कुमार तिवारी संगठन अध्यक्ष

— Awanish Kumar

नौकरी

मोतिहारी जिला में कार्यरत आवास सहायक एवं डी आर डी ए के आठ महीने से मानदेय भुगतान नहीं हुआ है



मोतिहारी से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

मोतिहारीं जिले में कार्यरत आवास सहायक एवं डीआरडीए कर्मियों का पिछले आठ महीने से मानदेय बकाया है। लंबे समय से वेतन

भुगतान नहीं होने से नाराज कर्मियों ने अब आंदोलन का रास्ता अख्तियार करने का निर्णय लिया है। अपनी मांगों को लेकर सैकड़ों की संख्या में कर्मी डीआरडीए कार्यालय के समक्ष एकत्रित हुए और विरोध जताते हुए उप विकास आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर लंबित मानदेय के शीघ्र भुगतान की मांग की।

आवास सहायक संघ के जिलाध्यक्ष प्रकाश कुमार तिवारी ने बताया कि डीआरडीए कर्मियों का आठ महीने, से एवं आवास कार्यपालक सहायकों का छह महीने से तथा ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक, लेखापाल और ग्रामीण आवास सहायकों का पांच महीने से मानदेय लंबित है। उन्होंने कहा कि कर्मी सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन महीनों से मानदेय नहीं मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। और अब सामने दिवापली एवं छठ जैसा महत्वपूर त्यौहार है । ऐसी परिस्थिति में अगर तत्काल वेतन नहीं मिला तो सभी लोग अपने कार्य का बहिसकर करते हुए भूख हड़ताल करने को विवश हो जायेंगे

बाइट प्रकाश कुमार तिवारी संगठन अध्यक्ष

— Awanish Kumar